तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



4 धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ने से बेचने के लिए किसान हो रहे परेशान




## खबर संक्षेप

### मद्य निषेध दिवस पर होगा जागरूकता कार्यक्रम

**कोरबा।** बाबा गुरू घासीदास जयंती के अवसर पर 18 दिसंबर को प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी मद्य निषेध दिवस का जिला स्तरीय आयोजन किया जाएगा। जिले में विभिन्न विभागों के सहयोग से नशामुक्ति संबंधी अनेक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में गठित भारत माता वाहिनी के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत प्रसारित दिशा-निर्देशों तथा शपथ कार्यक्रम का आयोजन कर नागरिकों को नशा त्याग के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके साथ ही नशामुक्ति साहित्य का वितरण कर जनसामान्य में जागरूकता बढ़ाई जाएगी। सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेरक स्लोगन, जन-जागरूकता संदेश एवं चित्रों का व्यापक प्रसार किया जाएगा।

### सात दिवसीय विशेष शिविर का हुआ समापन

**कोरबा।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र कटघोरा कोरबा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शनिवार को किया गया। प्रो मनहरण अनंत ने स्वयंसेवकों से बौद्धिक चर्चा के दौरान संविधान बनने की प्रक्रिया और संविधान कैसे देश को संचालित कर रहा है तथा देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार स्तंभ संविधान ही है। डॉ देवेंद्र कुमार साहू ने स्वास्थ्यवर्धक जीवन एवं बागवानी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्र जीवन से ही हमें छोटी बचत करते हुए घर में बागवानी की देखभाल करना चाहिए जिससे शुद्ध और रसायन रहित साग भाजी तो प्राप्त होंगे ही साथ ही राशि व्यर्थ खर्च होने से बचेंगे।

### पर्यावरण संतुलन में मिट्टी की भूमिका से अवगत हुए बच्चे

**कोरबा।** शासकीय हाई स्कूल स्याहीमुड़ी में बच्चों को विश्व मृदा संरक्षण के बारे में बताया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ. फरहाना अली के निर्देशन में इको क्लब प्रभारी प्रभा साव ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस की थीम स्वस्थ शहरों के लिए स्वस्थ मिट्टी पर आधारित थी। इसी के अनुरूप बच्चों को मृदा के महत्व, उसके संरक्षण तथा पर्यावरण संतुलन में मिट्टी की भूमिका के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उद्यान की मिट्टी तैयार करने के व्यावहारिक तरीके बच्चों को सिखाए गए। व्याख्याता संगीता मानिकपूरी ने विद्यार्थियों को मिट्टी संरक्षण पर आधारित फिल्म किस द ग्राउंड दिखाकर जागरूक किया। सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से फिल्म देखी और अपने ग्रह, मिट्टी एवं पर्यावरण के संरक्षण की शपथ ली। इस प्रकार विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में पर्यावरण सुरक्षा और सतत विकास के प्रति जागरूकता को सुदृढ़ किया।

### स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को दिया गया संदेश

कोरबा। दीपका कोयलांचल क्षेत्र में सीआईएसएफ के जवानों ने बीते दिनों स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। अभियान स्वच्छता जागरूकता बढ़ाने और नागरिकों को अपने आसपास के क्षेत्र को साफ रखने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। अभियान में लगभग 80 जवानों ने श्रमदान किया। अभियान का क्षेत्र शक्तिनगर गेवरा से दीपका तक लगभग 7 किलोमीटर था। इसमें सार्वजनिक स्थल, पार्क और स्वास्थ्य केंद्र शामिल थे। दीपका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गार्डन परिसर, नगर पालिका परिषद क्षेत्र और आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर जवानों ने झाड़ू लगाकर कचरा हटाया। नगर पालिका के दमकल वाहन की मदद से परिसर की धुलाई की गई। स्थानीय पार्कों और मुख्य सड़कों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया।



दीप प्रज्वलित करते वीरसेन सिंधु व अन्य अतिथि।



मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## दीपिका में इंडस पब्लिक स्कूल का रंगारंग वार्षिक उत्सव

# मंत्री अग्रवाल ने कहा-बच्चे हुनर को पहचानें और मंजिल की ओर अग्रसर रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

इंडस पब्लिक स्कूल दीपका में वार्षिक उत्सव पल्लवन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों में अपार क्षमता है। वे अपने हुनर को पहचानें और मंजिल की ओर निरंतर अग्रसर रहें।

उन्होंने कहा कि कोयलांचल में स्थित इंडस पब्लिक स्कूल ने अल्प समय में शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित किया है। यहाँ के बच्चों में गजब का उत्साह और टीम भावना है। उन्होंने स्कूल स्टाफ की भी तारीफ की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में एसीबी ग्रुप के डायरेक्टर वीरसेन सिन्धु, हरियाणा सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, सिंधु ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, हरिभूमि-आईएनएच समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी,विधायक प्रेमचंद पटेल, एनटीपीसी डीपीएस के प्राचार्य सतीश शर्मा और बालको डीपीएस के प्राचार्य कैलाश पवार, वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योतिनंद दुबे मौजूद थे। प्रारंभ में स्कूल के प्रिंसिपल डा. संजय गुप्ता ने स्वागत उद्बोधन देते हुए विद्यालय की शैक्षणिक, सहशैक्षणिक एवं खेलकूद उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

### प्रतिभा को निखारने का अवसर है वार्षिकोत्सवः वीरसेन

एसीबी ग्रुप के डायरेक्टर वीरसेन सिंधु ने अपने सम्बोधन मे कहा कि विद्यालय का वार्षिक उत्सव शिक्षा को आनंदमय बनाता है एवं बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करता है। वार्षिक उत्सव किसी भी संस्था विशेष कर विद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन होता है। इस आयोजन में शिक्षक अभिभावक और विद्यालय प्रबंधन सभी को एक साथ बैठने का शुअवसर मिलता है। इस अवसर पर संस्था अपनी प्रगति का मूल्यांकन करती है एवं एक नया लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का प्रयास करती है। वार्षिक उत्सव का आयोजन शिक्षा संस्कार और प्रतिभा के विकास का एक अवसर होता है।

### बच्चों का होता है समग्र विकास :डा.द्विवेदी

हरिभूमि आईएनएच ग्रुप के प्रधान सम्पादक डा. हिमांशु द्विवेदी ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि वार्षिक उत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच प्राप्त होता है। उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है एवं उनका समग्र विकास होता है। इस प्रकार के आयोजन से अनुशासन सहयोग और टीम वर्क की भावना मजबूत होती है। विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय के स्टाफ और अभिभावकों के मध्य एक मधुर संबंध स्थापित होता है। विद्यालय का वार्षिक उत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होता बल्कि यह विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है।

### सच्ची लगन व दृढ़ निश्चय हो तो मंजिल असंभव नहीं: कैप्टन अभिमन्यु

हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि इस दुनिया में कोई भी कार्य मुश्किल नहीं है। बस जरूरत है सच्ची लगन,ऊंची सोच ,दृढ़ निश्चय और परिश्रम की। आप हर एक मंजिल को स्पर्श कर सकते हैं। इस क्षेत्र में इंडस पब्लिक स्कूल अपने आप में सफलता की एक मिसाल है। सबसे बड़ी बात यह है कि इस क्षेत्र के निवासियों को एक उत्कृष्ट शिक्षा मिल रही है। धन्यवाद के पात्र यहां के सभी विद्यार्थी, यहां के प्राचार्य एवं यहां के सभी समर्पित स्टाफ हैं।जिनकी मेहनत आज हमें मंच पर देखने को मिल रही है। आज प्रतिस्पर्धा इतनी कड़ी है कि हमें अपनी मंजिल को स्पर्श करने के लिए दूर दृष्टि रखना आवश्यक है। यदि हम अपने आप को अपग्रेड या अपडेट नहीं करते रहेंगे तो शायद हम बहुत पीछे रह जाएंगे और मंजिल हमसे बहुत दूर चली जाएगी ।अतः समय-समय पर अपने आपको रिफ्रेश एवं अपडेट करते रहना जरूरी है।







सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान नृत्य की प्रस्तुती देते छात्र।

### सफलता के लिए दूरदृष्टि और बड़ी सोच ज़रूरी :डॉ. एकता

सिंधु ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन की चेयरपर्सन डा. एकता सिंधु ने कहा कि यदि हमें जिंदगी में सफल होना है तो हमारा रीजन और वीजन दोनों क्लियर रहना चाहिए।जब तक लाइफ में क्लेरिटी नहीं है तब तक हमसे सफलता कोसों दूर है। आगे बढ़ने के लिए हमें निरंतर प्रयास करना चाहिए, दूर दृष्टि रखनी चाहिए और सोच बड़ी रखनी चाहिए। रही बात वार्षिक उत्सव या सांस्कृतिक कार्यक्रम की तो यह हम सबको रूबरू होने का एक अवसर प्रदान करती है।ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा आपसी सामंजस्य, नेतृत्व कौशल और छिपी हुई प्रतिभा का दीदार हर एक व्यक्ति करता है। हम सब में अपार क्षमताएं हैं ।हमें उन्हे पहचान कर आगे बढ़ना चाहिए।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं आकर्षण का केन्द्र

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शिव तांडव नृत्य, द्रोपदी चीर हरण, सीता हरण, जंगल डांस ,ओल्ड इस गोल्ड इत्यादि मनमोहन थीम पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की थीम पल्लवन के अनुरूप प्रस्तुत नृत्य-नाटिका को दर्शकों ने विशेष सराहना दी। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर विभिन्न शैक्षणिक, खेलकूद एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन हुआ।

# लिंक एक्सप्रेस से कटा गौवंश, आधा घंटा विलंब से पहुंची बिलासपुर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कोरबा–चांपा रेल सेक्शन में शनिवार को सरगबुंदिया स्टेशन के आगे एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक गाय और उसके बछड़े की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। इस घटना के कारण लिंक एक्सप्रेस को काफी देर तक मौके पर रोका गया, जिससे ट्रेन लगभग एक घंटे विलंब से बिलासपुर पहुंची।

कोरबा से होकर दक्षिण भारत के विशाखापट्टनम के लिए चलने वाली लिंक एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय 4:10 बजे कोरबा स्टेशन से रवाना हुई थी। ट्रेन अभी लगभग 20 किलोमीटर की दूरी ही तय कर पाई थी कि सरगबुंदिया स्टेशन से आगे यह हादसा हो गया। ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों के अनुसार, रेलवे ट्रैक के पास मौजूद एक गाय और उसका बछड़ा अचानक ट्रेन की चपेट में आ गए, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और स्टेशन प्रबंधन व जीआरपी को सूचित किया। मौके पर पहुंची टीम द्वारा मृत गोवंश को ट्रैक से हटाए जाने के बाद ही ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। इस हादसे के चलते लिंक एक्सप्रेस लगभग आधे घंटे की देरी से बिलासपुर पहुंची।



दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए मौके पर खड़ी ट्रेन।

# जिले के पहले इंग्लिश मीडियम कॉलेज को मिलेगा अपना भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पहले स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज को स्वयं का अपना भवन मिलेगा। इसके लिए झगरहा में जमीन का आबंटन जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। प्रारंभिक तौर पर चयन की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। राज्य शासन से भवन निर्माण हेतु फंड जारी कर दिए जाने के साथ लोक निर्माण विभाग को इसकी एजेंसी बनाया गया है।

**खास बातें**

- झगरहा में जिला प्रशासन की ओर से जमीन का हुआ चिन्हांकन
- लोक निर्माण विभाग को बनाया गया निर्माण एजेंसी

पूर्व कांग्रेस सरकार के समय आत्मानंद स्कूल के संचालन के साथ आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कॉलेज की भी शुरुआत की गई थी। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से आत्मानंद कॉलेज की संचालन की स्वीकृति दिए जाने के साथ ही जिला प्रशासन के तत्कालीन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कॉलेज के संचालन हेतु विद्युत गृह स्कूल के उपरी तल को इसके लिए चयनित करते हुए इसके संचालन के लिए पीजी कॉलेज के प्राचार्य और स्टॉफ को अधिकृत किया गया था तथा डीएमएफ मद से बिल्डिंग के रंग रोगन के साथ उसे कॉलेज के संचालन के लायक तैयार किया गया। वर्तमान में कॉलेज में डेढ़ सौ छात्र छात्राएं सभी फैकल्टी में प्रवेश लिए हुए हैं। महाविद्यालय में प्रवेश को लेकर इंग्लिश मीडियम छात्रों का रुझान बढ़ने के कारण इसके लिए नये भवन की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन के द्वारा कॉलेज की भवन निर्माण हेतु जमीन की तलाश शुरु की। राजस्व अमले के पूरे रिकार्ड खंगालने के बाद झगरहा में भवन निर्माण हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है। कॉलेज कैंपस निर्माण के लिए 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता बतायी गई है। इतने ही जमीन के लिए प्रशासन ने आसपास के सरकारी जमीन का चयन किया है। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा कॉलेज भवन के निर्माण हेतु जिला प्रशासन को एक बड़ी राशि भी जारी कर दी गई है।




फाइल फोटो

### जिले में 15 इंग्लिश मीडियम स्कूल संचालित

जिले में कुल 15 स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इनमें चार स्कूल को सीबीएसई बोर्ड से मान्यता भी मिल चुकी है जिसमें पंप हाउस, पाली, हरदीबाजार और कटघोरा के साथ स्वामी आत्मानंद के स्कूल शामिल हैं। जहां प्रवेश लॉटरी के माध्यम से होता है जिला प्रशासन के द्वारा हाल ही में स्कूलों के शिक्षक एवं अन्य कार्यालयीन स्टॉफ की भर्ती की गई है। पहली से 12वीं तक एक ही भवन में इन स्कूलों का संचालन होता है। जहां से 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद छात्र आत्मानंद कॉलेज में प्रवेश लेते हैं।

## सीईओ ने ली पंचायत सचिव की बैठक, कार्यों की हुई समीक्षा

# चार ग्राम पंचायतों में नहीं बने अटल डिजिटल सेवा केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में विभिन्न मदों से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा के लिए जनपद पंचायत के सीईओ द्वारा पंचायत सचिवों की बैठक लेकर सांसद, विधायक एवं 14वें वित्त की राशि से होने वाले विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान यह बात सामने आयी कि चार पंचायतों में बनाए जा रहे अटल डिजिटल सेवा केंद्र अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है।

बैठक में जिला खनिज न्यास मद, समग्र शिक्षा, सांसद एवं विधायक मद, 14वें वित्त आयोग की ब्याज राशि तथा नेशनल हाईवे से संबंधित निर्माण कार्यों की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य, विशेषकर शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन एवं पीडीएस भवनों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जाए। इसी तरह स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत बन रहे सामुदायिक शौचालय एवं शेड के कार्यों को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जनपद की चार पंचायतों में निर्माणाधीन अटल डिजिटल सेवा केंद्रों को 26 दिसंबर के पूर्व पूर्ण करने तथा सभी अटल चौकों की साफ-सफाई व रंग-रोगन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री जनमन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की अलग से समीक्षा करते हुए दिसंबर माह तक पूर्णता लाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सभी पंचायत भवनों को प्रतिदिन खोलने, नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा प्रत्येक सोमवार को सभी सचिवों को अनिवार्य रूप से कार्यालय में बैठकर कार्य करने के आदेश दिए गए। बैठक में धीमी प्रगति वाले निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए संबंधित पंचायतों को नोटिस जारी किए गए। साथ ही चेतावनी दी गई कि आगामी बैठक तक यदि कार्यों में संतोषजनक प्रगति नहीं पाई गई तो वसूली की कार्रवाई हेतु प्रकरण भेजा जाएगा।



फाइल फोटो

# महिला से मारपीट, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम माखनपुर में निवासरत एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

मामला पाली थाना क्षेत्र के ग्राम माखनपुर का है। गांव में निवासरत टिकैतिन बाई उम्र 45 वर्ष पति जोहितराम ने पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है कि 30 नवंबर की शाम 4 बजे राजपाल सिंह पिता समारसिंह गोड, बहोरिक राम पिता सम्मारसिंह गोड एवं उनके सहयोगियों के द्वारा एक राय होकर नशे में धुत होकर उसके साथ गाली गलौच कर धक्का-मुक्की करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया है। प्रार्थिया और उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी देते हुए इनके द्वारा कहा गया कि हमारी पहुंच कलेक्टर तक है, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता कहते हुए मारपीट की गई है। घायल टिकैतिन बाई ने 30 नवम्बर को पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा में शिकायत दर्ज करायी है। पीड़िता ने शिकायत में उल्लेख किया गया है कि उक्त आरोपियों द्वारा लगातार उसके साथ मारपीट व गाली गलौच कर धमकी दी जाती है। पीड़िता ने राजपाल सिंह आयम, बहोरिक राम एवं उसके सहयोगियों के द्वारा की गई मारपीट पर कार्यवाही की मांग की है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने राजपाल सिंह आयाम, बहोरिक गोड के विरुद्ध बीएनएस की धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दैहिक शोषण कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बहला फुसलाकर नाबालिग से दैहिक शोषण करने वाले कांग्रेस नेता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया कि अपैल 2024 में क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग युवती की यदुनंदन नगर निवासी कांग्रेस नेता गौरव ठाकुर से जान पहचान थी। कांग्रेस नेता पिछले एक साल से नाबालिग को बहला फुसलाकर घूमने ले जाकर शारीरिक संबंध बनाने लगा। वर्तमान में भी वह नाबालिग को मिलने आने के लिए दबाव बना रहा था। मना करने पर धमकी देकर परेशान करने लगा। उसकी हरकतों से त्रस्त होकर नाबालिग ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने नाबालिग की रिपोर्ट पर गौरव ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### किसान ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** किसान ने खेत के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या के कारणों



का खुलासा नहीं हो पाया है। मोपका पुलिस सहायता केंद्र ने प्रधान आरक्षक रविकांत सैनिक ने बताया, लगरा निवासी राम परमेश्वर राजपूत पिता रामफल राजपूत 30 साल गांव के विपुल मिश्रा के प्लाट में खेती बाड़ी करते थे। शुक्रवार की दोपहर में उन्होंने खेत के कमरे में पंखे की हुक पर लायलोन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पुलिस मौके पर जाकर फंदा खोलकर शव नीचे उतारा और तलाशी ली किन्तु सुसाइड नोट नहीं मिला है, जिससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

### पीछे से कार ने दूसरी कार को मारी टक्कर

**बिलासपुर।** पीछे से तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने एक अन्य को टककर मार दी। जिससे दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिस ने चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, राजीव गांधी चौक मंझवापारा निवासी आदित्य उर्फ राजा महिलांगे अपनी पत्नी के साथ कार क्रमांक सीजी 10 एस, 8564 से रतनपुर जा रहे थे। रात 12.30 बजे राष्ट्रीय उद्यान लोधीपारा के पास स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 10 एफए, 7805 के चालक ने तेज रफ्तार से चलाते हुए पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार पति पत्नी को चोट आई है। वहीं स्विफ्ट कार में सवार लोगों को भी चोटे आई है।

### छग बिजली कर्मचारी संघ मिला चेयरमैन से

**बिलासपुर।** संविदा कर्मियों की वेतन वृद्धि व पुरानी पेंशन बहाली संभव है। इस बारे में जल्द ही आदेश जारी किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों की बैठक चेयरमैन से हुई। इसके साथ ही विद्युत कर्मियों व पेंशनर को बिजली बिल में प्रदाय छूट को पुनः प्रारंभ को लेकर चर्चा की गई है। बैठक में अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के द्वारा विद्युत नियमित, पेंशनर कर्मचारियों,अधिकारियों के आवासीय परिसर में सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापना की अनिवार्यता के व्यवहारिक दिक्कतों से अवगत कराया। कर्मचारियों व अधिकारियों को प्रदाय विद्युत देयक में 50/25 प्रतिशत छूट को बंद करना छग राज्य विद्युत मंडल अंतरण योजना 2010 का उल्लंघन करार दिया।

---

**पहली बैठक में नहीं बनी सहमति** | नगर निगम ने 37 दुकान वालों को जारी किया है नोटिस

# बृहस्पतिबाजार को लेकर नगर निगम व दुकान वालों के बीच नहीं बन पाई सहमति

**बिलासपुर।** बृहस्पति बाजार में नया आधुनिक सब्जी मार्केट निर्माण के लिए वहां के दुकान वालों, सब्जी विक्रेताओं को हटाने सहमति नहीं बन पाई है। नगर निगम के अधिकारियों और बृहस्पतिबाजार के दुकान वालों के बीच जगह खाली करने के संबंध में बैठक हुई थी, जिसमें सब्जी दुकान वाले तैयार नहीं हुए। निगम को ओर 37 दुकान वालों को नोटिस जारी किया गया है।

शहर के बीच अस्त-व्यस्त बृहस्पतिबाजार सब्जी मार्केट से दुकान वालों सहित चबूतरों में सब्जी दुकान लगाने वालों को हटाकर वहां पर आधुनिक सब्जी मार्केट बनाने की योजना है। इसके लिए करीब दो साल पहले प्रयास हुआ था, फिर मामला ठंडा पड़ गया। अब फिर से योजना पर काम शुरू हुआ है और बृहस्पतिबाजार में 37 दुकान वालों को नोटिस थमाया गया है। इसके अलावा चबूतरों व जमीन पर 100 से अधिक सब्जी विक्रेता दुकान लगाते हैं। इन सभी सब्जी दुकान वालों की दो दिन पहले नगर निगम के अधिकारियों के साथ बैठक हुई है, जिसमें बृहस्पतिबाजार जगह खाली करने पर सहमति नहीं बन पाई है। सब्जी विक्रेता



अपना व्यवस्थापना और वहीं आसपास जगह दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

बृहस्पतिबाजार में निगम द्वारा 13 करोड़ 39 लाख से नया आधुनिक सब्जी मार्केट बनाने की योजना बनाई गई है, जिसके ग्राउंड फ्लोर में 242 चबूतरों का निर्माण कराया जाएगा। सब्जी मार्केट के लिए नया काम्पलेक्स बन जाने से वहां पर यातायात भी सुगम होगा और जाम से छुटकारा मिलेगा। वहीं सब्जी विक्रेताओं को व्यवसाय के लिए एक व्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त स्थान मिलेगा। इसी तरह शहरवासियों को भी सुगम और व्यवस्थित बाजार मिलेगा। पुनर्विकास और कायाकल्प के तहत नए बाजार में पार्किंग होने से बृहस्पतिबाजार चौक में पार्किंग की समस्या दूर होगी, जिससे क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात मिलेगी और यातायात सुगम होगा।

### 66 दुकान व 242 चबूतरा बनना है

बृहस्पतिबाजार की पुनर्विकास योजना के तहत नगर निगम द्वारा आधुनिक सब्जी मार्केट तैयार किया जाएगा, जिसके ग्राउंड फ्लोर में 242 बड़े आकार के चबूतरे बनाए जाएंगे। वर्तमान में जिस चबूतरों पर व्यापारी सब्जी का व्यवसाय कर रहे हैं उसका आकार 6 बाई 8 का है। नए चबूतरे का आकार 7 बाई 10 का होगा, जिससे व्यापारियों को पहले से ज्यादा अच्छे और बड़े चबूतरे मिलेंगे। इसके अलावा प्रत्येक चतूबरों के नीचे स्टोरेज के लिए दरवाजे की सुविधा के साथ स्थान भी मिलेगा, जहां व्यापारी अपना सामान रख सकेंगे। वर्तमान बाजार में सिर्फ चबूतरा भर है, स्टोरेज के लिए स्थान नहीं है। इसके साथ ही भवन के बेसमेंट में पार्किंग रहेगा, जहां 50 कार और 170 बाईक एक समय में पार्क किया जा सकेगा। भवन के प्रथम तल में 66 दुकानें भी तैयार की जाएगी। इसके अलावा बिल्डिंग में व्यापारियों और नागरिकों के लिए टायलेट भी बनाया जाएगा। अभी के बृहस्पतिबाजार में यह सुविधा नहीं है और पास के सुलभ शौचालय में लोगों को जाने की मजबूरी है।

### व्यवस्थापना के लिए जगह देने से मिशन स्कूल का इनकार

बृहस्पतिबाजार के पुनर्विकास और कायाकल्प करने के लिए वहां व्यवसाय कर रहे सब्जी विक्रेताओं को निर्माण तक के लिए पास के ही मिशन स्कूल मैदान में अस्थाई बाजार बनाकर देने की बात नगर निगम द्वारा पूर्व में कही गई थी। व्यापारियों के शिफ्टिंग के पहले स्कूल मैदान में 224 चबूतरों का निर्माण कराया जाना था और शेड भी लगाया जाना था। लेकिन उस समय मिशन स्कूल प्रबंधन ने सब्जी विक्रेताओं के व्यवस्थापना के लिए अपना मैदान देने से इनकार दिया था।

### नहीं बनी सहमति

बृहस्पतिबाजार में नया आधुनिक सब्जी मार्केट निर्माण की योजना है। इसके लिए पहले वहां के दुकान वालों और सब्जी विक्रेताओं को जगह खाली करना होगा। नगर निगम ओर से बृहस्पतिबाजार दुकान वालों को नोटिस दिया गया है। पहली बैठक भी हुई है जिसमें अभी सहमति नहीं बन पाई है।

**-खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

---

बीच में कहीं भी पैरों के निशान नहीं, फिर भी अलर्ट वन विभाग की टीम

# खोंदरा के बाद सीधे चैतमा में मिला हाथी का पग मार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सीपत क्षेत्र में हाथी के पैरों के निशान सुबह तक खोंदरा के जंगल में मिले, जिसके बाद उन्हें सूचना मिली कि हाथी चैतमा पाली पहुंच गया है। इस दौरान वन विभाग की टीम ने खोंदरा से पाली के बीच पैरों के निशान की खोजबीन की, लेकिन पगमार्क उन्हें कहीं नहीं मिला। इससे हाथी के सीपत और खोंदरा के जंगल में होने की आशंका पर विभाग की टीम अभी भी मौके पर अलर्ट होकर लोकेशन ट्रेस करने में लगी हुई है।

सीपत और बेलतरा वन परिक्षेत्र में एक हाथी पिछले 8-10 दिन से विचरण कर रहा है। वन विभाग की ओर से हाथी का बिलासपुर वन मंडल के सीपत में आगमन बिल्हा और ठरकपुर से हुआ है, जिसकी सूचना मिलने के बाद से लगातार निगरानी की जा रही है। सीपत से तीन किलोमीटर दूर पर नरगोड़ा गांव में किशोर हाथी के आने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मची हुई है। ग्रामीण हाथी से भयभीत होकर अपने-अपने घरों में ही दुबके हुए हैं। अकेला हाथी झुंड से भटकने के बाद पोड़ी और ठरकपुर के क्षेत्र में आतंक मचाने के साथ खेतों की फसल भी रौंद रहा है। इस दौरान हाथी ने पिछले दो दिन के दौरान चार ग्रामीणों को घायल करने के साथ एक महिला को पटककर पैरों से दबा दिया है। इसके कारण महिला की मौत हो गई है। हाथी के आतंक की वजह से ग्रामीण भी काफी दहशत में हैं।

वहीं बिलासपुर वन मंडल के एसडीओ टीआर मरई, रेंजर शुभम मिश्रा व अन्य टीम के अलावा उड़नदस्ता की टीम मौके पर मौजूद है। वन विभाग लगातार ग्रामीण एरिया में मुनादी कराने के साथ लोगों को घर के बाहर नहीं निकलने का अनुरोध कर रही है, जिसमें पंचायत, तहसील और लोकल पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। शनिवार को हाथी का मूवमेंट लिम्हा के बाद खोंदरा में पहुंच गया था, जहां



सीपत क्षेत्र के खोंदरा के जंगल में मिले हाथियों के पैरों के निशान।

**मृतका के परिजन को 25 हजार:** एक दिन पहले हाथी के हमले से सीपत क्षेत्र में एक महिला की मौत हो गई और तीन व्यक्ति घायल हो गए थे। घायलों का उपचार सिम्स और निजी अस्पताल में किया जा रहा था। महिला का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। शनिवार को बिलासपुर वन वृत्त के मुख्य वन संरक्षक मनोज पाण्डेय ने गांव पहुंचकर मृत महिला के परिजन को तत्काल 25 हजार की सहायता राशि दी। वहीं 500-500 रुपए घायलों को दिया गया है।

सूचना मिलने के बाद वन मंडल की टीम भी पहुंचकर लोकेशन को ट्रेस करने लगी। इस दौरान हाथी का पग मार्क मिला। शाम को विभाग को सूचना मिली कि हाथी कोटापानी चैतमा पाली रेंज में पहुंच गया है, जिसके पग मार्क को वहां देखा गया है। फिलहाल हाथी के अभी भी खोंदरा के आसपास होने का संकेत विभागीय टीम को मिल रहा है, जिसके कारण अधिकारियों ने टीम को वहां सतर्क रहने का आदेश दिया है।

### लिम्हा तक मिला है पगमार्क

सुबह से शाम तक हाथी का पगमार्क लिम्हा तक मिला, जिसके बाद जानकारी मिली कि हाथी के पैर के प्रिंट कोटापानी चैतमा पाली में भी मिले हैं। इस बीच संबंधित रास्ते में पग मार्क और ट्रेल की खोजबीन की गई, लेकिन पग मार्क कहीं नहीं मिला है। टीम अभी भी रिस्क नहीं ले रही है, जिसकी वजह से विभागीय अमला अभी भी मौके पर डटा हुआ है।

**-शुभम मिश्रा**, रेंजर
वन मंडल बिलासपुर

---

# नेशनल लोक अदालत में 55 लाख 27 हजार मामलों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नेशनल लोक अदालत में आज प्रदेश भर की तमाम अदालतों में कुल 55 लाख 27 हजार 165 मामले सुलझाए गए और 6 अरब 49 करोड़ 35 लाख 93 हजार 768 रुपए की अवॉर्ड राशि पारित की गई। इनमें आपराधिक समझौता योग्य मामले, दीवानी मामले, राजस्व मामले, मुकदमे से पहले के मामले और ट्रैफिक चालान मामले सभी शामिल हैं।



चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक, न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने राज्य के सभी 23 जिलों में वर्ष की चौथी और अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत की कार्यवाही का व्यापक वर्चुअल निरीक्षण और मूल्यांकन किया। उच्च न्यायालय से वर्चुअली जुड़कर मुख्य न्यायाधीश ने कार्रवाई की बारीकी से निगरानी की और सभी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीशों के साथ बातचीत की। लोक अदालत के लिए गठित दो बेंचों का दौरा किया और उनसे बातचीत की, जिनकी अध्यक्षता जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा और जस्टिस बिभु दत्ता गुरु कर रहे थे। आज शनिवार 13 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में छत्तीसगढ़ भर में उच्च न्यायालय, जिला और सत्र न्यायालय, तालुका स्तर के न्यायालय और राजस्व न्यायालय शामिल हैं, कुल 55,27,165 मामले (आपराधिक समझौता योग्य मामले, दीवानी मामले, राजस्व मामले, मुकदमे से पहले के मामले और ट्रैफिक चालान मामले सहित) सुलझाए गए और 6,49,35,93,768/- रुपये की अवॉर्ड राशि पारित की गई। चीफ जस्टिस ने चीफ जस्टिस ने जस्टिस संजय के. अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सालसा ,जस्टिस पार्थ प्रतीम साहू, अध्यक्ष, हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी , सभी प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जजों, फैमिली कोर्ट के जजों, लोक अदालत बेंच के सभी पीठासीन अधिकारियों, वकीलों, पार्टियों और सभी हितधारकों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## दो सूने मकान में चोरों का धावा, फुटेज लेकर जांच में जुटी पुलिस

**बिलासपुर।** सकरी थाना क्षेत्र के नारायणी होम्स, सम्बलपुरी कालोनी में चोरों ने दो सूने मकानों को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया है। दोनों मकानों के ताले तोड़कर चोर अंदर घुसे और नकदी समेत अन्य सामान चोरी कर ले गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इसकी शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दूसरी बटालियन सकरी के प्रधान आरक्षक शिववीर सिंह चौहान ने पुलिस को बताया कि उनके परिचित शिशुपाल भदौरिया का मकान नारायणी होम्स कालोनी में है। वे 21 नवंबर को अपने परिवार सहित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मध्यप्रदेश के भिण्ड चले गए थे। जाने से पहले उन्होंने अपने मकान में ताला लगाकर चाबी जीवन सिंह बोरा को दिया था। इसी कालोनी में रहने वाले विपिन यादव भी 25 नवंबर को अपने परिवार सहित पैतृक बलिया उत्तरप्रदेश चले गए थे। उन्होंने अपने मकान की चाबी आयुष क्षत्री को दी थी। कालोनी में रहने वाले सन्नी वस्त्रकार ने शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे देखा कि दोनों मकानों के सामने के गेट खुले हुए हैं और अंदर लाइट जल रही है।

उन्होंने इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। इसके बाद शिववीर सिंह चौहान, आयुष क्षत्री, जीवन सिंह बोरा एवं अन्य लोग मौके पर पहुंचे। वहां दोनों मकानों के सामने लगे ताले टूटे हुए मिले। विपिन यादव ने बताया कि उनके घर से लगभग 15 हजार रुपए नकद गायब हैं, जबकि शिशुपाल भदौरिया ने बताया कि उनके यहां से पांच हजार रुपए नकद चोरी हुए हैं।

---

# मनमाने बिल से उपभोक्ता परेशान, गलत रीडिंग का आरोप



**बिलासपुर।** बिजली विभाग द्वारा मनमाने तरीके से बिलिंग करने का मामला सामने आया है। गतौरी वितरण केन्द्र, सेन्दरी की दर्जनभर महिला उपभोक्ता कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

इस दौरान उनके हाथ में बिल की पर्ची थी। महिलाओं का आरोप है कि बिजली विभाग गलत रीडिंग कर बिल भेज रहा है, जिसके चलते गरीब और मजदूरी करने वाले उपभोक्ताओं को 40 से 50 हजार का बिल मिल रहा है। महिलाओं ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बिल माप करने की फरियाद की है। दो कमरे, दो सीएफएल और एक पंखा चलाकर गुजर बसर करने वाले ग्रामीण मजदूरों को बिजली विभाग ने मनमाना बिल भेज दिया है। जिसके बाद सेन्दरी के गतौरी क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। उपभोक्ता अपनी फरियाद लेकर बिजली विभाग के कार्यालय में शिकायत की है, लेकिन अधिकारियों ने उन्हें उलटे पैर ही लौटा दिया है, जिसके बाद करीब दर्जन भर महिलाएं कलेक्टर कार्यालय पहुंच गई। इस दौरान महिलाओं के हाथों में बिजली विभाग द्वारा जारी किए गए मनमाने बिल थे, महिलाओं का आरोप है कि क्षेत्र में कभी भी रीडिंग नियमित नहीं कराई जाती है, ऐसे में एकमुश्त भारी भरकम राशि बिजली विभाग द्वारा भेज दिया गया है। मजदूरी कर भरण षोषण करने वाले उपभोक्ताओं का हाल बेहाल हो चुका है।

### इन लोगों को मिला है बिल

| उपभोक्ता का नाम | बीपी नंबर | राशि |
|---|---|---|
| धनीराम मंगेश | 10006592900 | 53540 रू |
| फेकूलाल सूर्यवंशी | 10006592605 | 31460 रू |
| प्रमोद कुमार | 1006592955 | 48180रू |
| जमुना प्रसाद | 1006592893 | 52530 रू |
| बलदाउ | 1004593693 | 47560 रू |
| यशोदाबाई | 1006732751 | 39680 रू |
| सुखीराम | 1006593006 | 35000 रू |

### सुधार करा सकते हैं

जिन उपभोक्ताओं को बिल अधिक आने की समस्या है, वे सभी कार्यालय आकर अपना बिल सुधार करा सकते हैं। मेरी जानकारी में बिलिंग गलत नहीं की गई है, कई महीनों से बकाया भुगतान नहीं किया गया होगा, इसलिए बिल के साथ पेनाल्टी भी जोड़ दी गई होगी।

**-शिखा खांडेकर**, सहायक यंत्री, सेंदरी

### जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य के लिए आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** पंचायत संचालनालय अंतर्गत राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के तहत जिले में रिक्त संविदा पदों जिला समन्वयक एवं संकाय सदस्य, जिला पंचायत संसाधन केन्द्र पर भर्ती हेतु 29 दिसम्बर सायं 5.30 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी निर्धारित समय तक आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पिन 495668 के नाम से पंजीकृत डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन केवल डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत दिशा-निर्देश जिले की वेबसाइट तथा जिला पंचायत के सूचना पटल से प्राप्त किए जा सकते हैं।

---

## बिजनेस

# 'लुधियाना वूलन सेल' में उमड़ी भीड़ फैक्ट्री रेट पर मिल रहे विंटर क्लोथ्स




**कोरबा।** लुधियाना वूलन द्वारा आयोजित सेल में इस बार कोरबा निवासियों को शानदार ऑफर्स के साथ आकर्षित कर लिया है। पीली कोठी, दीनदयाल मार्केट, पावर हाउस रोड पर शुरू हुई इस सेल में उच्च क्वालिटी के विंटर कलेक्शन को फैक्ट्री डायरेक्ट रेट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। खास बात यह है कि यहां ग्राहकों को न रिटेल का झंझट और न ही होलसेल की बड़ी खरीद—हर सामान सीधा फैक्ट्री से मिलने वाले दामों पर मिल रहा है।

इस सेल में सिंगल बेड और डबल बेड कंबलों पर सबसे अधिक भीड़ देखने को मिल रही है। सिंगल बेड कंबल मात्र 99/- में और डबल बेड कंबल 149/- में उपलब्ध हैं। वहीं प्रीमियम क्वालिटी वाले कंबलों की कीमत भी बेहद किफायती रखी गई है—सिंगल बेड 299/- और डबल बेड 399/-

सर्दियों के कपड़ों में भी बड़ी रेंज पेश की गई है। गर्ल्स विंटर क्लोद्स, जिनकी असली कीमत 2000 से 5000 रुपये तक होती है, यहां मात्र 99 से 299/- में खरीदे जा सकते हैं। वहीं मेंस स्वेटर 199 से 699/- की स्लैब में उपलब्ध हैं। लड़कों और लड़कियों के लिए ब्रांडेड जैकेट्स भी सेल का मुख्य आकर्षण बने हुए हैं, जिनकी कीमतें 500 से 2000/- तक हैं। फुटवियर प्रेमियों के लिए भी इस सेल में शानदार विकल्प मौजूद हैं। गर्ल्स और बॉयज़ ब्रांडेड फुटवियर सिर्फ 499/- के विशेष दाम पर मिल रहे हैं। इसके अतिरिक्त लड़कों और लड़कियों के लिए प्रीमियम ब्लेज़र कलेक्शन भी पेश किया गया है, जिनकी कीमतें 299 से 499/- के बीच हैं। आयोजकों के अनुसार, यह सेल केवल कुछ ही दिनों के लिए है, इसलिए ग्राहकों से आग्रह किया गया है कि वे जल्द से जल्द लाभ उठाएं। सेल में प्रवेश और पार्किंग दोनों निःशुल्क हैं, जिससे लोगों का आना और भी आसान हो गया है। कोरबा में ऐसी फैक्ट्री-रेट सेल पहली बार देखने को मिल रही है, जहां कम कीमत में गुणवत्तापूर्ण सर्दियों का पूरा सामान एक ही स्थान पर उपलब्ध है। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह सेल शहरवासियों के लिए इस सर्दी का सबसे बड़ा आकर्षण बन चुकी है।

---

# समिति के सदस्य बिलासपुर लौटे, जारी रहेगा संघर्ष

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली में एयरपोर्ट और हवाई सुविधा विस्तार की सफल मुहिम चला बिलासपुर वापस आ चुके हैं।

समिति केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और केंद्रीय रक्षा मंत्री से मुलाकात के अलावा दिल्ली में सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने सफल रही है। समिति के सदस्यों ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू,सांसद डॉ ज्योत्सना महंत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल व मध्यप्रदेश सांसद विवेक तनखा का आभार व्यक्त किया है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि महानगरों तक सीधी उड़ान और 4सी एयरपोर्ट निर्माण के लिए नागरिक उड्डयन मंत्री राम



मोहन नायडू से चर्चा की गई है।रक्षा मंत्रालय के राज्य मंत्री संजय सेठ ने धनराशि या ब्याज के मसले पर एयरपोर्ट विस्तार हेतु आवश्यक 290 एकड़ भूमि का हस्तांतरण देरी नहीं करने की बात कही है। समिति के सदस्यों ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत के धरने में शामिल होने से आंदोलन को बड़ी शक्ति मिली है। वहीं अबब 4 सी एयरपोर्ट निर्माण और महानगरों तक सीधी उड़ान तक जन संघर्ष जारी रहेगा।

इस दौरान रवि बनर्जी, अनिल गुलहरे, नारद श्रीवास, भैय्यू सिंह, नितिन पात्र, प्रतीक तिवारी, महेश दुबे,संतोष पीपलवा मोहसिन अली साबर अली शामिल रहे।

## रिटायर्ड अधिकारी के परिवार को समाज से किया बहिष्कृत, 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेटे ने दूसरे समाज की लड़की से शादी की तो रिटायर्ड अधिकारी के परिवार को समाज से बहिष्कृत करने के मामले में फरार समाज के चार लोगों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया है।

ज्ञात हो कि डीपूपारा निवासी रिटायर्ड अधीक्षक कमल किशोर परवार के बेटे हितेश परवार ने 4 नवंबर 2024 को साहू समाज के युवती से शादी कर ली थी। दूसरे समाज की युवती से शादी करने पर पनिका समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया था। किसी भी समाजिक कार्यक्रम में नहीं बुलाया जाता था और न ही कोई उनके परिवार के कार्यक्रम में शामिल होते थे। शादी के बाद उन्होंने अपनी बहू को पनिका समाज में शामिल करने जिला पनिका समाज के अध्यक्ष को आवेदन दिया था। 1 दिसंबर 2024 को दीनदयाल गार्डन व्यापार विहार में जिला व प्रांतीय पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक हुई थी। जिसमें यह सहमति बनी कि उनकी बहू को समाज में शामिल किया जा सकता है। शादी मिलन कार्यक्रम के लिए दो तारिखें तय की गई थीं, लेकिन प्रांतीय पदाधिकारी इनमें शामिल नहीं हुए। 1 फरवरी 2025 को जिला अध्यक्ष और लगभग 70 से 80 समाज के लोगों की मौजूदगी में शादी मिलान पुरा किया गया। 2 मार्च को शादी का रिसेप्शन भी रखा गया। इसकी जानकारी होने पर समाज के पदाधिकारियों ने उनके परिवार को समाज से बाहर कर दिया। पुलिस ने श्री परवार की रिपोर्ट पर जेआर साकत, थानूराम बघेल, दशरथ साकत, वंशधारी सावरा के खिलाफ धारा 4, 7 सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था। एसआई अमृत साहू ने बताया, उक्त में 13 दिसंबर को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने 3 किमी पीछा कर पकड़ा 2 पिकअप समेत अवैध धान



**अम्बिकापुर।** बलरामपुर जिले में अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच कलेक्टर ने स्वयं तीन किमी तक वाहन का पीछा कर अवैध धान पकड़ा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी चेकपोस्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने और वाहनों को जांच के बाद ही प्रवेश देने के निर्देश दिए है। बता दें कि जिले में धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही तस्कर और कोचिए सक्रिय हो गए थे। तस्करों द्वारा दीगर राज्यों से धान लाकर उसे समितियों में खपाने के उद्देश्य से भंडारण किया जा रहा था। अवैध धान को समितियों में खपाने से रोकने के लिए कलेक्टर बलरामपुर द्वारा टीम का गठन किया गया है जो लगातार जिलेभर में कार्रवाई कर रही है। बलरामपुर जिले में अब तक 11 हजार 298 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है जबकि 42 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को जब्त किया गया है। शुक्रवार को भी कलेक्टर राजेन्द्र कटारा रामचंद्रपुर विकासखंड में धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने रामचंद्रपुर के अंतर्गत अंतरराज्यीय सीमा तालकेश्वरपुर के घने जंगल में तीन किमी तक पीछा कर दो वाहनों को पकड़ा। वाहनों से कुल 140 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। इस दौरान कलेक्टर के निर्देश पर धान व वाहनों को थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया। कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि जिले में धान खरीदी व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अवैध परिवहन, भंडारण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले की अंतर्राज्यीय सीमा क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाए और 24 घंटे सक्रिय निगरानी रखते हुए अवैध धान परिवहन पर कार्रवाई सुनिश्चित करे।ताकि धान खरीदी व्यवस्था सुचारू, सुरक्षित एवं पारदर्शी बनी रहे।

### गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़े, एक का फूटा सिर

**अम्बिकापुर।** बतौली क्षेत्र के बेलकोटा की दो निजी गुड़ फैक्ट्रियों के संचालक आपस में भिड़ गए। गन्ना खरीदी को लेकर दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई जिससे एक संचालक के सिर में गंभीर चोट आया। पीड़ित ने घटना की रिपोर्ट बतौली थाने में दर्ज कराई है। बताया जा रहा है कि कुछ वर्ष पूर्व श्रीराम फैक्ट्री संचालक के खिलाफ कट्टा लहराने का मामला दर्ज हुआ था, जिस पर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई भी की थी। इसी पुराने विवाद को आधार बनाकर दोनों पक्षों के बीच फिर से विवाद हो गया। गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे दोनों फैक्ट्रियों के संचालक और समर्थक आमने-सामने भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि श्रीराम फैक्ट्री संचालक का सिर फट गया और वह लहूलुहान हालत में बतौली थाना पहुंच गया। वहीं महामाया फैक्ट्री संचालक को भी अंदरूनी चोटें आने से घायल हो गया। इस संबंध में बतौली थाना प्रभारी विवेक सेंगर ने बताया कि दोनों पक्षों के खिलाफ अपराध दर्ज कर ली है। मारपीट, धमकी, पुरानी रंजिश और अवैध संचालन से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को छोड़ने का प्रश्न ही नहीं उठता। फिलहाल महामाया गुड़ फैक्ट्री के संचालक अंकुर हाडा एवं हर्ष हाडा सहित अन्य 7 लोग के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) तथा राम गुड़ फैक्ट्री के संचालक पवन तोमर एवं उनके पुत्र रोहन तोमर, जबरुदीन,जावेद के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 351, 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### डीजल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार रतनपुर तक पीछाकर पकड़ा गया



अंबिकापुर। डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से चालक सीमेंट लोड़कर अंबिकापुर आया था और ट्रक खाली नहीं हो पाने के कारण रिंग रोड किनारे पार्क कर सो गे था। देर रात 3 बजे डीजल टंकी की तरफ से आवाज आई तो चालक नीचे उतकर देखा जहां तीन से चार नकाबपोश डीजल चोरी कर रहे थे। जब चालक ने मना किया तो चाकू, गुप्ती से मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी, बसंत लोनी की पहचान की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनायी गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद गाड़ी अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही है।

# जिले की 355 पंचायतों के लिए 3 हजार से अधिक कार्यों की बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

मनरेगा अंतर्गत निर्माण कार्यों की योजना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने हेतु जिले में महत्वपूर्ण पहल की गई है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए जिले की 355 ग्राम पंचायतों के लेबर बजट की कार्ययोजना युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से तैयार कर ली गई है। पोर्टल के जरिए 3 हजार से अधिक कार्यों की व्यापक कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें वाटर बजटिंग को प्रथमिकता दी गई है जिसके तहत गांवों में जल सरंक्षण एवं जल संवर्धन संबंधी कार्य प्राथमिकता से किए जाएंगे। शेष ग्राम पंचायतों में कार्ययोजना तैयार करने की प्रक्रिया जारी है।

मनरेगा के तहत योजनाओं के निर्माण और निगरानी में युक्तधारा पोर्टल एक मजबूत तकनीकी सहयोगी के रूप में उभरकर सामने आया है। इसके माध्यम से योजना निर्माण, परिसंपत्ति विकास, जियो-टैगिंग, डेटा संकलन, डिजिटल डाक्यूमेंटेशन तथा पारदर्शिता को नई दिशा मिलेगी। यह प्लेटफॉर्म भू-स्थानिक डेटा आधारित अत्याधुनिक तकनीक पर आधारित है, जिसके कारण ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यों के चयन से लेकर निगरानी तक की प्रक्रिया अधिक सटीक और पारदर्शी बनती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने बताया कि युक्तधारा पोर्टल योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे इस तकनीकी प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग कर वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए एक आदर्श एवं प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें, ताकि ग्रामीण हितग्राहियों को अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके।

## वाटर बजटिंग को दी गई प्राथमिकता

**खास बातें**

- वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए हुई बैठक
- परिसंपत्ति विकास जियो टैगिंग, डेटा संकलन, डाक्यूमेंटेशन को मिलेगी नई दिशा



**क्या है युक्तधारा पोर्टल**

युक्तधारा पोर्टल, मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना निर्माण एवं क्रियान्वयन के लिए विकसित भू-स्थानिक नियोजन प्लेटफॉर्म है। इसे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो और ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है। यह पोर्टल रिमोट सेंसिंग और जीआईएस तकनीक का उपयोग कर परिसंपत्तियों का जियो-टैगिंग करता है, जिससे योजनाओं की पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व सुनिश्चित होता है। साथ ही, यह कार्यों के दोहराव या अनियमितता की संभावनाओं को भी न्यूनतम करता है।

## थाना उरगा क्षेत्र में तिहरे हत्याकांड का खुलासा

# पांच लाख को ढाई करोड़ करने का लालच देकर बैगा ने रची थी हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बैगा व उसके 5 अन्य साथियों ने ही तंत्र मंत्र के जरिए पांच लाख को ढाई करोड़ में बदलने का लालच देकर हत्या की साजिश रची थी। जिसके तहत बैगा व उसके सहयोगियों ने तंत्र मंत्र के बहाने एक एक कर नीतेश, अशरफ और सुरेश को कमरे में बुलाया और उनके गले में रस्सी डाला, जिसके बाद कमरे के बाहर खड़े सहयोगी ने को खींचकर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

**खास बात**

- तंत्र-मंत्र के नाम पर की गई तीन हत्याओं का पुलिस ने किया पर्दाफाश



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

थाना उरगा अंतर्गत ग्राम कुदरी स्थित एक फार्म हाउस 11 दिसंबर को तीन व्यक्तियों की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन थाना उरगा क्षेत्र में घटित तिहरे हत्या कांड को लेकर एक विशेष जांच टीम गठित की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम गठित कर घटनास्थल निरीक्षण, शव पंचनामा, साक्ष्य संकलन एवं गवाहों से पूछताछ की कार्यवाही शुरू की गई। जांच में यह तथ्य सामने आया कि मुख्य आरोपी तांत्रिक आशीष दास द्वारा तंत्र-मंत्र के माध्यम से 5 लाख रुपये को 2 करोड़ 50 लाख रुपये करने का झांसा देकर मृतक नितेश रात्रे, असरफ मेमन एवं सुरेश साहू को ग्राम कुदरी स्थित असरफ मेमन के फार्म हाउस में तंत्र-मंत्र की प्रक्रिया के नाम पर बुलाया गया। 10 दिसंबर की रात्रि को आरोपी तांत्रिक आशीष दास अपने साथ नायलॉन की रस्सी, नींबू, नारियल, अगरबत्ती एवं अन्य तंत्र-मंत्र सामग्री लेकर फार्म हाउस पहुंचा। उसने मृतकों एवं अन्य सह-आरोपियों को कमरे के बाहर रस्सी पकड़कर खड़े रहने को कहा तथा तंत्र-मंत्र की प्रक्रिया के बहाने एक-एक कर मृतकों को कमरे के अंदर बुलाया। सर्वप्रथम मृतक नितेश रात्रे को कमरे के अंदर बैठाकर उसके गले में नायलॉन की रस्सी डाली गई तथा बाहर खड़े सह-आरोपियों द्वारा रस्सी खींचकर उसका गला घोंट दिया गया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इसी प्रकार क्रमशः मृतक असरफ मेमन एवं सुरेश साहू को भी तंत्र-मंत्र की प्रक्रिया के बहाने कमरे के अंदर बुलाकर नायलॉन रस्सी से गला घोंटकर उनकी हत्या की गई। घटना के पश्चात मृतकों के परिजनों एवं स्थानीय लोगों द्वारा तीनों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत तीनों को मृत घोषित कर दिया गया। प्रारंभिक रूप से थाना सिविल लाइन, रामपुर द्वारा मेमो रिपोर्ट के आधार पर मर्ग कायम किया गया, परंतु घटनास्थल थाना उरगा क्षेत्रांतर्गत होने के कारण प्रकरण थाना उरगा स्थानांतरित किया गया। मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 103(1), 61(2), 3(5) पंजीबद्ध किया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में तीनों मृतकों की मृत्यु का कारण नायलॉन रस्सी से गला घोंटने के कारण दम घुटना तथा मृत्यु की प्रकृति (हत्या) पाई गई। उक्त संपूर्ण घटनाक्रम की विवेचना के दौरान विशेष जांच टीम द्वारा भौतिक साक्ष्य, तकनीकी विश्लेषण एवं आरोपियों के मेमोरेंडम कथन के आधार पर 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त नायलॉन रस्सी, तंत्र-मंत्र सामग्री, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, स्कूटी, इनोवा कार एवं नगद राशि 5 लाख रुपये सहित अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई है।

**ये आरोपी हुए गिरफ्तार**

कमेल विहार बिलासपुर निवासी आशीष दास उम्र 24 वर्ष पिता मुकेश दास, जरहाभांठा जिला निवासी राजेन्द्र जोगी उम्र 75 वर्ष पिता सुन्दर जोगी, गोकुलधाम सकरी बिलासपुर निवासी केशव सूर्यवंशी उम्र 35 वर्ष पिता स्व.राम खिलावन, अमेरि थाना सकरी, बिलासपुर निवासी अश्वनी कुर्रे उम्र 42 वर्ष पिता पुन्नीलाल, मोदर, थाना सीपत, बिलासपुर निवासी संजय साहू उर्फ लव कुमार साहू उम्र 46 वर्ष पिता स्व.रामरतन साहू, गवरा पंतोरा जिला जांजगीर-चांपा निवासी भागवत प्रसाद उम्र 48 वर्ष पिता दिलहरण दास मेहतर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है।

# भाजपा रायपुर संभाग सह प्रभारी बनने पर डॉ.राजीव का स्वागत



डॉ.राजीव का स्वागत करते भाजपाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह को राज्य नेतृत्व ने रायपुर संभाग में बड़ी जिम्मेदारी दी है। डॉ.राजीव को संगठन का सह प्रभारी बनाया गया है। संगठन सह प्रभारी बनने के बाद उनके प्रथम नगर आगमन पर शनिवार को सीएसईबी चौक पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया और उच्च नेतृत्व का आभार जताया। डॉ.राजीव सिंह यह जिम्मेदारी ठीक ऐसे समय दी गई, जब प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार को 2 साल पूरे हुए हैं। भाजपा ने विभिन्न संभागों के लिए प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए हैं ताकि वहां पर संगठन का कामकाज और बेहतर तरीके से संचालित को। डेंटल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ.राजीव को रायपुर संभाग में संभाग का सह प्रभारी नियुक्त करने के साथ बड़ा संदेश देने का काम किया गया है। सीएसईबी चौक पर कार्यकर्ताओं ने आतिश बाजी के साथ माला पहनकर उनका स्वागत किया। डॉ राजीव ने मीडिया से कहा एक छोटे से कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी देने का काम केवल भाजपा में ही संभव है। उनके विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने की पूरी कोशिश की जाएगी। जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी ने कहा कि भाजपा नेतृत्व हमेशा सभी के कामकाज को देखता है। डॉ.राजीव को संगठन में बड़ा दायित्व देने से हमारे कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ा है। रायपुर संभाग के सह प्रभारी डॉ.राजीव सिंह का स्वागत करने के दौरान भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# अब किसी भी औद्योगिक कार्य व निर्यात के लिए कोयले का किया जा सकेगा उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मंत्रालय ने कोयला लिंकेज की नीलामी के लिए एक नए नई नीति कोल सेतु को मंजूरी दी है। इसका मकसद कोलये का इस्तेमाल बिना किसी रोक टोक के कुशलता व पारदर्शी तरीके से करना है। इस नीति के तहत कोयला का उपयोग अब किसी भी औद्योगिक कार्य व निर्यात के लिए किया जा सकेगा। यह नई नीति कोयला क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों की श्रृंखला में एक और महत्वपूर्ण कदम है।

**खास बात**

- कोल मंत्रालय ने कोयला लिंकेज की नीलामी के लिए लागू की कोल सेतु विंडो नीति



उल्लेखनीय है कि 12 दिसंबर को कोल सेक्टर में भी एक बड़ा फैसला लिया गया है। कोयला सेतु विंडो नाम से एक नई नीति लागू की गई है। यह नीति कोयला लिंकेज को लंबी अवधि के लिए नीलामी के आधार पर आवंटित करने की अनुमति देगी। इसका मतलब है कि कोई भी घरेलू खरीदार जिसे कोयले की जरूरत है, वह इस कोल सेतु विंडो में भाग ले सकेगा। यह विंडो विशेष रूप से गैरविनियमित क्षेत्र (एनआरएस) के लिए वर्ष 2016 की लिंकेज नीलामी नीति में जोड़ी गई है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस विंडो के तहत कोकिंग कोल की नीलामी नहीं की जाएगी। कैबिनेट के फैसले की घोषणा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। साथ ही घरेलू कोयला भंडार का तेजी से और अधिक लचीला उपयोग सुनिश्चित करना है। इससे देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए आयातित कोयले पर देश की निर्भरता कम होगी। यह नीति सरकार के व्यापक कोयला क्षेत्र सुधारों के अनुरूप है, जिसमें बिना किसी अंतिम-उपयोग प्रतिबंध के वाणिज्यिक कोयला खनन को खोलना भी शामिल है।

# विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने बनाए सौर ऊर्जा उत्पादन, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

शहर के मध्य स्तिथ त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा के ए-ब्लॉक में शनिवार को विज्ञान पर आधारित एक दिवसीय साइंस एक्ज़ीबिशन का आयोजन अजय धनोंदिया अध्यक्ष पत्रकार संघ कटघोरा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल,राजपुरोहित चन्द्रहास त्रिपाठी,स्कूल की प्राचार्या श्रीमती दीपा चौहान मंच पर उपस्थित रहे।



विद्यालय के छात्रों ने अपने-अपने मॉडल, प्रोजेक्ट और वैज्ञानिक प्रयोगों का प्रदर्शन किया। एक्ज़ीबिशन में छात्रों ने सौर ऊर्जा उत्पादन, जल संरक्षण तकनीक, स्मार्ट ट्रैफिक सिस्टम, पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण, मानव शरीर संरचना, रोबोटिक्स तथा आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए बच्चों की रचनात्मकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने अभिभावकों व शिक्षकों को प्रभावित किया जिसका अतिथियों ने निरीक्षण किया। पत्रकार संघ कटघोरा के अध्यक्ष अजय धनोंदिया ने कहा कि इतने छोटे छोटे छात्रों ने जिस प्रकार से मॉडल बनाया है निश्चित ही सराहनीय है इनके रचनात्मक कार्यों को देखकर सही कहा गया है कि बच्चे देश के भविष्य है। समय समय पर इस प्रकार के आयोजन कराने से बच्चो में ज्ञान बढ़ता है व नई नई चीजें सीखने को मिलता है इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। विद्यालय के डायरेक्टर आशुतोष अग्रवाल ने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यार्थियों में अनुसंधान प्रवृत्ति, वैज्ञानिक सोच, तथा नवाचार की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा की ओर प्रेरित करते हैं। एक्ज़ीबिशन में बड़ी संख्या में छात्रों के साथ ही उनके अभिभावक व शाला के शिक्षक तथा स्थानीय नागरिक गण उपस्थित रहे सभी ने छात्रों के प्रयासों की प्रशंसा की और विद्यालय द्वारा किए गए इस आयोजन को सराहनीय बताया।

## अग्रसेन पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव का आयोजन

# मिनी भारत की थीम पर बच्चों ने कार्यक्रम में दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के द्वारा वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रागंण में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष नागरमल अग्रवाल व अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल के द्वारा कि गई इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि समाज के द्वारा विगत लम्बे समय से स्कुल व महाविद्यालय का संचालन किया गया हमारे समाज के पूर्व अध्यक्षों के द्वारा बालिकाओं की शिक्षा को लेकर जो पहल गई की गई हमें उससे आज भी गौरव महसूस कर रहे है इसके साथ ही हम स्कुल में विभिन्न उचाईयों को छू रहे है । इस अवसर पर मुख्य अतिथि नागर मल अग्रवाल ने कहा कि समाज, शिक्षा और राजनीति क्षेत्रों में काम कर रहे है। आज का दिन सब बच्चों का होता है उन्हें साल भर से इंतजार होता है अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है हाई स्कुल के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजकुमार अग्रवाल ने अपने उदबोधन में कहा कि वर्षिक उत्सव की विद्यालय परिवार को बधाई देता हूं विद्यालय में बच्चों को पढाई के साथ अनुशासन पवित्रता संस्कार भी दिये जा रहे है। वार्षिक उत्सव आपको अपनी प्रतिभा देखने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि विद्यलाय के बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रहा है हमारे शिक्षिकों के द्वारा हर बच्चों का ध्यान दिया जा रहा है जिससे उनके शिक्षा के स्तर पर सुधार हो सके मानसिक विकास के लिए लगतार अन्य गतिविधि का अयोजन किया जा रहा है इस अवसर पर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कुल के उपप्राचार्या श्रीमति रीना चौधरी ने कहा कि मैं बच्चों को इस वार्षिक उत्सव कि हार्दिक बधाई देती हूं बच्चें अपनी प्रतिभा को दिखाये जिससे वे उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा छत्तीसगढी राजगीत, कश्मीरी, राजस्थानी, ओडिसा, गुजराती, छत्तीसगढी,साउथ इंडिया, देवी जोहार, भारत की वीरगांना के आधारीत रानी लक्ष्मी बाई व देश की कई राज्यों को डांस का प्रदर्शन में उतारने का काम नन्हें मुन्ने बच्चों के द्वारा किया गया भारतीय एकता और अखण्डता पर आज का वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम अयोजित किया गया था जिसमें बच्चों के द्वारा अपनी कला का भरपूर प्रदर्शन किया गया।

## खबर संक्षेप



### 21 केंद्रसें में हुई नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

**कोरबा।** जिले में नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए शहर और ग्रामीण अंचलों में 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जहां 4 हजार 442 परीक्षार्थी उपस्थित हुए। कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित इस परीक्षा के लिए अक्टूबर महीने में छात्र छात्राओं से फार्म भरवाए गए थे। दिसंबर महीने में परीक्षा आयोजित कर जनवरी में परिणाम घोषित किये जाएंगे और नए शिक्षण सत्र से उत्तीण छात्रों को नवोदय विद्यालय में प्रवेश मिलेगा। परीक्षा को लेकर शिक्षा विभाग के द्वारा तैयारी कर ली गई थी। जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा में जिले के 21 परीक्षा केंद्रों पर कुल पंजीकृत विद्यार्थी 6 हजार 133 में से 4 हजार 442 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा 1691 छात्र अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। परीक्षा संपन्न होने के बाद सभी केन्द्राध्यक्ष और पर्यवेक्षक गोपनीय दस्तावेज जमा करने के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा में शाम 4 बजे से पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय द्वारा परीक्षा संचालन का निरीक्षण किया गया। आत्मानंद स्कूल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। शहर के अलावा जिन क्षेत्रों में परीक्षा के लिए केंद्र बनाए गए थे। इनमें बरपाली, करतला, कटघोरा, छुरी, पाली, चैतमा, लाफा, तिवरता, गुरसिया, पसान, सिरमिना और पिपरिया जैसे दूरस्थ ग्रामीण अंचल शामिल थे जिनके स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस व्यवस्था से ग्रामीण अंचल के छात्रों को परीक्षा दिलाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय या शहर आने की जरुरत नहीं पड़ी।

### दो दिवसीय एसईसीएल नारी शक्ति खेल महोत्सव



**कोरबा।** प्रतियोगिता में कुल 175 महिलाओं ने विभिन्न खेल जैसे बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम बोर्ड, शतरंज, मटका दौड़, चम्मच दौड़, त्रितांगी दौड़, रिले रेस, क्रिकेट, खो खो, रस्सा कसी, म्यूजिकल चेयर, पिट्ठल, 50 व 100 मीटर दौड़, जलेबी दौड़, रस्सी दौड़, कीट कीट में भागीदारी लिया। महिलाओं के लिए इस तरह के पहली बार आयोजन से खासा उत्साह और उमंग देखने को मिला, जैसे उनका बचपन लौट आया है। महिलाएं हर खेल में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक सचिन टी पाटील मंचस्थ रहे। कुसमुंडा प्रबंधन ने नारी शक्ति खेल महोत्सव का आयोजन कौशलता पूर्वक करने के लिए क्षेत्र में पदस्त सभी महिला कर्मचारियों एवं अधिकारियों के साथ साथ क्षेत्रीय स्तर पर संचालित ऊर्जा महिला मंडल के नेतृत्व में अन्य महिलाओं के समिति जैसे प्रेरणा महिला मंडल, नारी शक्ति महिला मंडल, एकता महिला मंडल और जागृति महिला मंडल के सदस्यों को आमंत्रित कर कई दौर के साथ बैठक कर एकरूपता बनाई गई। अधिक से अधिक भागीदार सुनिश्चित करने के लिए समाचारों पर प्रकाशित खबर के पंपलेट बांटे गए। उनसे राय मसबरा कर खेल प्रारंभ और समापन की तिथि तय की गई। सभी बैठकों में ऊर्जा महिला के अध्यक्षा श्रीमती उज्वला पाटील एवं सचिव श्रीमती सीमा सिंह एवं उनके अन्य सदस्यों का योगदान रहा।

# भूविस्थापितों के लिए विकसित किया जा रहा आधुनिक एवं आदर्श टाउनशिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पाली एसडीएम रोहित सिंह द्वारा एसईसीएल दीपका क्षेत्र के पुनर्स्थापन एवं पुनर्वास (आर एंड आर) स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसईसीएल सिविल विभाग के अधिकारी तथा एसईसीएल राजस्व विभाग के नोडल अधिकारी रोशन मेश्राम एवं अनिल पाटले भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पुनर्वास स्थल के प्रत्येक घटक का अवलोकन कर कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन किया। एसईसीएल द्वारा लगभग 46 हेक्टेयर अर्जित भूमि पर ग्राम हरदीबाजार के विस्थापित परिवारों के लिए एक आधुनिक एवं आदर्श टाउनशिप विकसित की जा रही है, जिसे तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा मॉडल आर एंड आर साइट के रूप में डिजाइन किया गया है। टाउनशिप को मुख्य सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए एनटीपीसी रेलवे लाइन के समांतर लगभग 6 किलोमीटर लंबी एप्रोच रोड के निर्माण की भी योजना शामिल है, जिससे साइट तक आवागमन सुगम, सुरक्षित एवं निर्बाध रहेगा तथा क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और अधिक सुदृढ़ होगी। साथ ही मॉडल आर एंड आर साइट में प्रत्येक पात्र प्रभावित परिवार को 6 डिसमिल का आवासीय प्लॉट प्रदान किए जाने का प्रावधान है। टाउनशिप में रिफलेक्टर एक्ट 2023 के शेड्यूल 3 के अनुरूप सभी आवश्यक बुनियादी नागरिक सुविधाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय मिश्रा, कलेक्टर अजीत वसंत एवं स्थानीय प्रशासन के नेतृत्व में की यह आर एंड आर साइट प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ एवं आदर्श पुनर्वास साइट के रूप में विकसित की जा रही है, जो सामाजिक पुनर्वास एवं बुनियादी विकास के नए मानक स्थापित करेगी।

## एसडीएम व एसईसीएल के राजस्व अधिकारियों ने किया स्थल निरीक्षण

**खास बातें**

- टाउनशिप को मुख्य सड़क से जोड़ने बनेगी 25 किमी की अप्रोच रोड
- थाना व बनेंगी प्रशासनिक इमारतें



### टाउनशिप में मिलेंगी ये सुविधाएं

सुव्यवस्थित आवासीय क्षेत्र, पार्क एवं हरित क्षेत्र, प्राथमिक व उच्चतर शिक्षा हेतु विद्यालय, स्वास्थ्य सेवाओं हेतु अस्पताल, तहसील एवं पंचायत भवन, सामुदायिक भवन एवं अन्य प्रशासनिक भवन, विद्युत आपूर्ति हेतु सबस्टेशन, बाज़ार एवं व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स, खेल मैदान, तालाब एवं जल संरचनाएँ, पुलिस थाना तथा अन्य प्रशासनिक इमारतें, सुगम आवागमन हेतु प्रमुख मार्ग एवं आंतरिक सड़कें, इन सभी सुविधाओं का उद्देश्य विस्थापित परिवारों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं गरिमापूर्ण आवासीय प्लॉट उपलब्ध कराना है।

## 49 हजार किसानों ने कराया है पंजीयन, 3 हजार किसान ही अब तक बेच सके हैं धान

# धान खरीदी की लिमिट नहीं बढ़ने से बेचने के लिए किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन के द्वारा धान खरीदी के लिए लिमिट नहीं बढ़ाए जाने के कारण अधिकांश किसान धान बेचने से वंचित होने की स्थिति में आ गए हैं। ऐसे में किसान और प्रबंधकों के बीच वाद विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। लिमिट खत्म होते ही किसानों का टोकन कटना बंद हो रहा है। लिमिट बढाये जाने हेतु खाद्य विभाग को पत्र प्रेषित किये जाने के बाद भी अब तक इस दिशा में किसी तरह की कार्य नहीं हुई है।

जिले में धान खरीदी की शुरुआत को लगभग एक माह होने जा रहे हैं। 49 हजार किसानों ने एग्रोटेक पोर्टल में धान बेचने के लिए पंजीयन कराया था। वर्तमान में जो स्थिति सभी उपार्जन केंद्रों में देखी जा रही है वह धान खरीदी की लिमिट को लेकर सामने आ रही है। समिति प्रबंधकों की मानें तो खरीदी की लिमिट तय कर दिये जाने के कारण किसानों का ऑनलाइन टोकन की लिमिट की मात्रा खत्म होते ही ऑनलाइन टोकन भी किसानों के नहीं कट रहे हैं। कई बार समिति प्रबंधकों और किसानों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो जा रही है। आखिर पंजीयन होने के बाद भी वे धान क्यों नहीं बेच पा रहे है ऐसे तमाम सवाल किसान समिति प्रबंधकों से कर रहे हैं। किसानों के सवालों के जवाब भी प्रबंधकों के पास नहीं है। इसके पीछे जो कारण सामने आया है उसके मुताबिक समिति में खरीदी क्षमता के आधार पर लिमिट तैयार की गई है। उस लिमिट तक जितने किसान टोकन कटा सकते हैं उतने ही किसानों का धान खरीदने का निर्देश जारी किया गया है। एक माह में अब तक 3 हजार किसानों ने ही अपना धान बेचा है।



### नहीं बढ़ी लिमिट तो समितियों में कम आएगा धान

अगर धान खरीदनी की लिमिट नहीं बढ़ाई गई तो बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष समिति में धान कम आएगा। ऐसा धान खरीदी से जुड़े लोग कहते हैं कि उनके मुताबिक धान खरीदी कम होने के कारण कमीशन की राशि भी कम होगी। परिणाम स्वरुप समिति को लाभ नहीं होने की स्थिति में समितियों को कमीशन की राशि कम हो जाने पर समिति का खर्च चलाना मुश्किल हो जाएगा। समिति को खरीदी से मिलने वाली कमीशन की राशि से ही कर्मचारियों का वेतन और अन्य खर्चे किये जाते हैं।

### रकबा कटने से किसान परेशान

श्यांग धान सोसाइटी के अध्यक्ष मसतराम मंझवार ने बताया कि धान मंडी में किसान टोकन कटवाने और रकबा कटौती को लेकर काफी परेशान हैं किसानों का समय पर टोकन नहीं कट रहा है जानकर लोग आनलाईन मोबाईल के माध्यम से पहले पहले से टोकन काट ले रहे हैं जिसके कारण अनपढ़ किसान और टेक्नोलॉजी से अनभिज्ञ किसान परेशान हैं साथ ही मंडी पर टोकन काटते समय किसानों के रकबा में भी कटौती की जा रही जिससे किसान अपनी पूरी फसल भी समर्थन मूल्य पर भी नहीं बेंच पा रहे हैं। धान मंडी श्यांग के शाखा प्रबंधक ने बताया कि नोडल अधिकारी को प्रतिदिन खरीदी लिमिट को 15सौ क्विंटल करने के लिए पत्र लिखा गया है लेकिन अभी तक नहीं हो पाया है। किसानों का रकबा में कटौती होने के कारण समस्या हो रही है।

### कहां कितने धान की हुई खरीदी

एक माह के अंदर सभी छोटे बड़े धान उपार्जन केंद्र में धान की आवक हो चुकी है और खरीदी भी पूरे जोर शोर से हो रही है। एक माह के दौरान सभी उपार्जन केंद्रों से 4 लाख 53 हजार 545 क्विंटल धान खरीदा गया है। इसकी तुलना में 1 लाख 42 हजार क्विंटल धान उठाने के लिए राईस मिलर्स को जारी कर दिया गया है। डीओ जारी होने के बाद किसानों को धान उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं। बड़ी समितियों में सबसे पहले धान उठाने का निर्देश दिया गया है। 3 लाख 11 हजार 347 क्विंटल धान अभी समितियों में रखा हुआ है।

### रकबा घटने के मुद्दे को लेकर किसानों ने कलेक्ट्रेट घेराव की दी चेतावनी



**कोरबा।** लेमरू उपार्जन केंद्र के अंतर्गत आने वाले सात गांव के किसानों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा है कि इस तरह की लापरवाही से वह अपना पूरा धान बेच नहीं पा रहे हैं। किसानों ने कहा है कि 7 गांव के 340 पंजीकृत किसानों के द्वारा सोमवार को कलेक्टर कार्यालय घेराव की तैयारी की जा रही है। समय रहते अगर उनके रकबा में सुधार नहीं किया जाता है तो वह आंदोलन करने के लिए तत्पर हैं। लेमरू उपार्जन केंद्र के किसानों ने बताया कि छूटे हुए खसरों के रकबा को ठीक करने के लिए कार्यवाही का निर्देश जारी किया गया है लेकिन शिविर में जाने पर अधिकारियों के द्वारा घुमाया जा रहा है। ऐसे में वह आखिर कितनी बार चक्कर काटें। इस तरह की समस्या का शीघ्र निराकरण करने की आवश्यकता है ताकि किसान बिना किसी परेशानी के अपना पूरा धान बेच सकें। धान उपार्जन हेतु एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत किसानों का एग्रीस्टेक प्रोजेक्ट अंतर्गत जारी फार्मर आई.डी. में छुटे हुये खसरों को जोड़ने आवश्यक कार्यवाही 10 से 20 दिसम्बर तक किया जाए।

# हैवी ब्लॉस्टिंग से कार का कांच टूटा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

एसईसीएल दीपका खदान में रोजाना किए जा रहे हैवी ब्लॉस्टिंग से प्रभावित ग्रामों में निवासरत लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। शनिवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे खदान में हुए हैवी ब्लॉस्टिंग से छिटक कर कोयला का टुकड़ा खदान से लगभग 200 मीटर दूरी पर हरदीबाजार शांतिनगर निवासी विजय साहू के घर के गेट के सामने खड़ी कार पर आकर गिरा। कार को कवर से ढक कर रखा गया था, जिसे फाड़कर कोयला कांच को तोड़ते हुए कार में घुस गया। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि एसईसीएल दीपका प्रबंधन कोयला उत्खनन करने में कितना अंधा हो गया है कि अब वह जानमाल को हानि पहुंचाने पर आमादा है। यदि इसकी जद में कोई इंसान या खेलते बच्चे आते तो किसी बड़ी अनहोनी से इंकार नहीं किया जा सकता।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO ज़ेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123


# शादी का झांसा देकर युवती से अनाचार, जुर्म दर्ज



आरोपी।

**कोरबा।** सोशल नेटवर्क के जरिए पहले फेसबुक फ्रेंड बने फिर दोस्ती प्यार में तब्दील हुई और प्रेमी ने प्रेमिका को शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया। प्रेमिका द्वारा शादी का दबाव बनाए जाने पर प्रेमी ने शादी से इंकार कर दिया तब थक हारकर प्रेमिका ने प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। एक 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने जैसेपुर सक्ती निवासी 25 वर्षीय हेमंत चंद्रा के खिलाफ अनाचार का मामला दर्ज किया है। हेमंत चंद्रा सक्ती जिले में पेट्रोल पंप का संचालक है। युवती का आरोप है कि हेमंत ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। यह दोस्ती वर्ष 2019 में फेसबुक के माध्यम से शुरू हुई थी और समय के साथ प्यार में बदल गई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि हेमंत कई सालों तक परिवार को मनाने के बाद शादी का आश्वासन देता रहा, लेकिन अब वह शादी से मुकर गया है। इसके अलावा हेमंत चंद्रा अब किसी अन्य युवती से शादी करने की तैयारी में है। मानसिक रूप से परेशान पीड़िता ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल
काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
25 शीटें शेष श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

## हरिभूमि जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. ध्रुव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्ते लागू* **शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि**